हिन्दुस्तान

अपने युवा

सीयूईटी से सीयूजे में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

रांची, प्रमुख संवाददाता। केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड (सीयूजे) में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी- 2024) के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न एकीकृत (इंटीग्रेटेड) स्नातक-स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अवधि- 27 फरवरी से 26 मार्च (रात 11:50 बजे तक) है।

सीयूजे में प्रवेश के लिए उपलब्ध पाठ्यक्रमों में इंटीग्रेटेड बीएससी और एमएससी- भूगोल, पर्यावरण विज्ञान, जीवन विज्ञान, भौतिकी, गणित, रसायन विज्ञान, इंटीग्रेटेड बीए और

26 मार्च तक ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन

एमए मास कम्युनिकेशन, अंग्रेजी, हिंदी, कोरियाई, चीनी, नृविज्ञान, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, इंटीग्रेटेड बीए बीएड/ बीएससी बीएड, इंटीग्रेटेड बीकॉम/एमकॉम, शामिल हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिए लिंक www.cuj.ac.in या https://exams.nta.ac.in/CUET-UG है। हेल्पलाइन ईमेल admissionhelpdesk@cuj.ac.in है। आवेदन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और एकीकृत (इंटीग्रेटेड) कार्यक्रम का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuj.ac.in पर उपलब्ध है।

प्रभात खबर

इंटीग्रेटेड कोर्स में नामांकन के लिए 26 तक मौका

रांची. सीयूजे में एनटीए द्वारा आयोजित सीयूइटी यूजी 2024 के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं. विद्यार्थी 26 मार्च (रात 11.50 बजे) तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. विवि में इंटीग्रेटेड बीएससी व एमएससी में भूगोल, पर्यावरण विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी, गणित और रसायन विज्ञान विषय हैं. वहीं इंटीग्रेटेड बीए और एमए में मास कम्यूनिकेशन, अंग्रेजी, हिंदी, कोरियाई, चीनी, मानवविज्ञान, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र शामिल हैं. इसके अलावा विवि में इंटीग्रेटेड बीए-बीएड व बीएससी-बीएड कोर्स में भी नामांकन लिया जा सकता है. विवि ने प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक (www.cuj.ac.in), https://exams.nta.ac.in/CUET-UG/) जारी किया है. इसके अलावा हेल्पलाइन लिंक (admissionhelpdesk<bha>@</bha>cuj.ac.in) भी जारी किया गया है.

दैनिक भास्कर

सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड में इंटीग्रेटेड कोर्स में नामांकन के लिए आवेदन शुरू

सिटी रिपोर्टर | रांची

सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड में विभिन्न विषयों में नामांकन के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसमें नामांकन एनटीए द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट, सीयूईटी के माध्यम से लिया जाएगा। इसके लिए सीयूईटी के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न एकीकृत (इंटीग्रेटेड) स्नातक-स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इंटीग्रेटेड कोर्स में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 मार्च रात 11:50 बजे तक निर्धारित है। आवेदन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और एकीकृत (इंटीग्रेटेड) कार्यक्रम के लिए विशेषज्ञता का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

इन विषयों के लिए कर सकेंगे आवेदन : सीयूईटी में माध्यम से सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड रांची के विभिन्न विषयों के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिसमें इंटीग्रेटेड बीएससी और एमएससी भूगोल, पर्यावरण विज्ञान, जीवन विज्ञान, भौतिकी, गणित, रसायन विज्ञान शामिल है। वहीं इंटीग्रेटेड बीए और एमए में मास कम्यूनिकेशन, अंग्रेजी, हिंदी, कोरियाई, चीनी, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र विषय हैं। इसके साथ ही इंटीग्रेटेड बीए बीएड, बीएससी बीएड, इंटीग्रेटेड बीकॉम, एमकॉम में भी नामांकन ले सकेंगे।